नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) खाड़ी संकट, पूर्वी यूरोपीय देशों की घटनाओं, देश के कुछ भागों में गड़बड़ी और कुछ देशों द्वारा जारी किये गये यात्रा परामर्शों सहित अनेक कारणों से 1991 के दौरान और 1990 के अंतिम महीनों में पर्यटकों के आगमन में कमी आई है। तथापि, किसी एक विशिष्ट कारण से आगमन में आई कमी को अलग से बता पाना संभव नहीं है।

(ग) सरकार ने भावी पर्यटकों के मन से असुरक्षा की भावना को निकालने के लिये प्रचार प्रयास शुरू किये हैं।

देश में कार्य कर रही निजी हवाई कम्पनियां

933. **श्री अनन्तराम जायसवाल** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने कुछ निजी कम्पनियों को हवाई सेवाओं का संचालन करने की अनुमति दी है, यदि हां, तो उक्त कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं तथा इन उड़ानों से किन-किन स्थानों को जोड़ा गया है और किस-किस तारीख से इन स्थानों के लिये उड़ानें प्रारंभ करने की अनुमति दी गई है ;

(ख) क्या उपर्युक्त कम्पनियों ने अपनी सेवाओं को प्रतियोगी बनाने में उनके सामने आ रही कतिपय बाधाओं से सरकार को अवगत कराया है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार को कब सूचित किया गया था और उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने इन बाधाओं को दूर करने के लिये कोई कार्यवाही की है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) हवाई टैक्सी प्रचालकों के ब्यौरे, जिन्हें परमिट जारी किये गये हैं और जिन्होंने परिचालन सेवायें प्रारंभ कर दी हैं, नीचे दिये गये हैं:-

प्रचालक का नाम	परमिट जारी करने की तिथियां	तिथियां जब से परिचालन शुरू किए गए
1. मैसर्स इंडिया इन्टरनेशनल एयरवेज प्रा. लि., नई दिल्ली	28-2-90	मार्च, 1990
2. मैसर्स दिल्ली गल्फ एयरवेज सर्विसेज प्रा. लि., नई दिल्ली	8-3-90	अप्रैल, 1990
3. मैसर्स यू. बी. एयर, प्रा. लि., बंगलूर	30-3-90	जून, 1990
4. मैसर्स एयर एशियाटिक लि., मद्रास	29-9-90	अक्तूबर, 1990
5. मैसर्स ट्रांस भारत एविएशन प्रा. लि., नई दिल्ली	28-2-91	मार्च, 1991
6. मैसर्स कांटीनेंटल एयर, प्रा. लि., भोपाल (मध्य प्रदेश)	19-6-91	जून, 1991

हवाई टैक्सी प्रचालक अनुसूचित परिचालनों के लिये खुले किसी भी हवाई अड्डे के लिये उड़ान परिचालित कर सकते हैं।

(ख) और (ग) हवाई टैक्सी प्रचालकों के साथ 16-7-91 को हुई बैठक में हवाई टैक्सी प्रचालकों द्वारा हवाई अड्डों पर स्थान, विमानों के रख-रखाव और विमानों के आयात के लिये सीमा-शुल्क में कमी करने से संबंधित समस्यायें उठाई गई।

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण और भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को अनुदेश जारी किये गये हैं कि वे हवाई टैक्सी प्रचालकों को हवाई अड्डों पर यथासंभव सुविधायें और सहायता उपलब्ध करायें। वित्त मंत्रालय के साथ परामर्श करके वित्तीय पहलुओं की जांच की जा रही है।

Revision of fares by Indian Airlines

934. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) how many times Indian Airlines domestic fares were revised during the last three years till date;

(b) what are the factors which led to such a revision each time; and

(c) whether there were any improvements in the facilities offered to the commuters; if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA): (a) and (b) The domestic fares of Indian Airlines were revised five times during the last three years for the reasons indicated below:—

Date of Revision	*Reasons*
16.2.1989	Fares on sectors upto 500 KM were rationalised.
9.7.89	Increase in various costs such as route navigation charges, material consumption and financing charges.
11.4.90	Increase in the price of Aviation Turbine Fuel, led to increase in the fuel surcharge.
26.9.90	Gulf Evacuation Surcharge @ 10% of the total fare was introduced to offset partially the costs incurred on evacuation of Indian Nationals from the Gulf Region.
7.10.91	Increase in the price of Aviation Turbine Fuel and additional liability due to re-adjustment of rate of exchange of Indian Rupee vis-a-vis foreign currencies.

(c) Indian Airlines has identified among other things, courtesy and comfort to passengers as thrust areas of its services. The following measures have been taken in this regard:—

— Standardised three digits telephone enquiry has been provided on all-India basis.

— Tele-text services through Doordarshan to be extended to Bombay, Calcutta and Madras, in addition, to Delhi where it already exists.

— Introduction of a computerised delay information dissemination system named "RAPID" which automatically dials all passengers of a delayed flight whose telephone numbers are available with Indian Airlines to intimate them about the re-scheduled departure timing. This system has been introduced on an experimental basis in Delhi and, if found successful, may be extended to other places also.

— Computerised and free check-in facility has been made available at Delhi, Madras, Calcutta, Hyderabad and Bangalore. This facility is being extended to other stations in a phased manner.

— Close monitoring of on-time performance.